# कौटिल्य एकेडमी

IAS, IPS, MPPSC

अंतर्राष्ट्रीय

राष्ट्रीय

विज्ञान

अध्ययन

पर्यावरण

राजव्यवस्था

योजना/ नीति

कला-संस्कृति

अर्थव्यवस्था

सामाजिक मुद्दे



# डेली करेंट अफ़ेयर्स

22 मई 2024

# थाईलैंड ओपन 2024

## बैडमिंटन :

- भारतीय शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने हाल ही में थाइलैंड ओपन 2024 के फाइनल में चेन बो यांग और लियू यी की चीन की जोड़ी को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया।
- भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने 46 मिनट तक चले मैच में चीनी जोड़ी को 21-15, 21-15 से हराकर 2024 बैडमिंटन सीजन का अपना दूसरा खिताब जीता।
- थाईलैंड ओपन 14 से 19 मई 2024 तक बैंकॉक में आयोजित किया गया था।
- यह चिराग और सात्विक के लिए 2024 बैडमिंटन सीजन का दूसरा खिताब था और थाईलैंड ओपन का भी दूसरा खिताब था। मार्च में फ्रेंच ओपन जीतने से पहले चिराग और सात्विक इस साल की शुरुआत में मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन के फाइनल में हार गए थे।
- बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर भारतीय जोड़ी का पहला सुपर 500 खिताब 2019 में थाईलैंड ओपन में आया था। 2024 के थाईलैंड ओपन फाइनल में बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 मीट में भारतीय जोड़ी की पांचवीं उपस्थिति थी और वे उन सभी में विजयी हुए हैं।

## थाईलैंड ओपन 2024 में अन्य खिताब विजेता :

- **पुरुष एकल:** मलेशिया के ली जी जिया ने हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस को हराकर खिताब जीता।
- **महिला एकल:** थाईलैंड की सुपानिडा काटेथोंग चीन की हान यू के खिलाफ विजयी हुई।
- **महिला युगल:** जोंगकोलफान किटिथाराकुल और रविंडा प्रजोंगजाई की थाई जोड़ी ने इंडोनेशिया की फैब्रियाना द्विपुज कुसुमा और अमल्लिया काहाया पार्टिवी की जोड़ी पर जीत हासिल की।



# भारत के अटॉर्नी जनरल

- भारत के अटॉर्नी जनरल श्री आर. वेंकटरमणी ने हाल ही में नई दिल्ली में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के 15वें वार्षिक दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विशेष संबोधन दिया।
- वेंकटरमणी ने मुक्त बाजार के इंजन और विभिन्न सामाजिक लाभ के बीच सह-अस्तित्व के नए विचारों को गढ़ने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।



## भारत के अटॉर्नी जनरल ;-

- भारत का अटॉर्नी जनरल (AG) देश का सर्वोच्च कानून अधिकारी है, जिसे संविधान के अनुच्छेद 76 के तहत भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है।
- उसे सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त होने के लिए योग्य होना चाहिए, अर्थात वह पांच साल तक उच्च न्यायालय का न्यायाधीश, दस साल तक उच्च न्यायालय का वकील या एक प्रतिष्ठित न्यायविद् रहा हो।
- वह संघ कार्यकारिणी का हिस्सा है और सभी कानूनी मामलों पर केंद्र सरकार को सलाह देता है।
- वह राष्ट्रपति के प्रसाद पर्यंत पद पर बना रहता है और उसका कोई निश्चित कार्यकाल नहीं है और हटाने के लिए कोई निर्दिष्ट प्रक्रिया नहीं है।
- उसे मतदान के अधिकार के बिना संसद के दोनों सदनों में बोलने और भाग लेने का अधिकार है और वह भारत की सभी अदालतों में सुनवाई का हकदार है। वह सरकारी सेवक नहीं है और लाभ के पद की श्रेणी में भी नहीं आता है।
- अटॉर्नी जनरल को निजी प्रैक्टिस करने की अनुमति है, बशर्ते यह कार्यालय के कर्तव्यों के साथ टकराव न हो।

## भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) :

- भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (Competition Commission of India - CCI) भारत सरकार का एक सांविधिक निकाय है जो प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 (Competition Act, 2002) के प्रवर्तन के लिये उत्तरदायी है। मार्च 2009 में इसे विधिवत रूप से गठित किया गया था।
- राघवन समिति की अनुशंसा पर एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापार व्यवहार. अधिनियम, 1969 (Monopolies and Restrictive Trade Practices Act - MRTP Act) को निरस्त कर इसके स्थान पर प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 लाया गया।

→ भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग का उद्देश्य निम्नलिखित के माध्यम से देश में एक सुदृढ़ प्रतिस्पर्द्धी वातावरण तैयार करना है:

- उपभोक्ता, उद्योग, सरकार और अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्राधिकारों सहित सभी हितधारकों के साथ सक्रिय संलग्नता के माध्यम से।
- उच्च क्षमता स्तर के साथ एक ज्ञान प्रधान संगठन के रूप में।
- प्रवर्तन में पेशेवर कुशलता, पारदर्शिता, संकल्प और ज्ञान के माध्यम से।





INDORE

# "भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (IMEC)"

- भारत और संयुक्त अरब अमीरात ने हाल ही में भारत- मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (प्डम्ब) पर केंद्रित एक महत्वपूर्ण बैठक का समापन किया।
- इंटरगवर्नमेंटल फ्रेमवर्क एग्रीमेंट के तहत आयोजित बैठक का उद्देश्य कॉरिडोर के विकास और परिचालन के लिए सहयोग बढ़ाना था। यह पहल वैकल्पिक आपूर्ति मार्ग प्रदान करने, क्षमता पैदा करने और लागत कम करने के लिए निर्धारित है।

## प्रमुख चर्चाएं:-

- **प्रतिनिधिमंडल नेतृत्व और प्रतिभागी :-** भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संयुक्त अरब अमीरात में भारतीय राजदूत संजय सुधीर ने किया और इसमें विभिन्न मंत्रालयों और एजेंसियों जैसे जहाजरानी, बंदरगाह और जलमार्ग मंत्रालय, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क बोर्ड और दीनदयाल उपाध्याय पोर्ट, कांडला के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।
- **बंदरगाह निरीक्षण और बैठकें:** प्रतिनिधिमंडल ने खलीफा पोर्ट, फुजैरा पोर्ट और जेबेल अली पोर्ट का दौरा किया, जहां उन्होंने बंदरगाह अधिकारियों और यूएई सीमा शुल्क अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की।
- **UAE संस्थाओं के साथ जुड़ाव:** प्रतिनिधिमंडल ने माल की आवाजाही की सुविधा पर चर्चा करने के लिए डीपी वर्ल्ड यूएई, एडी पोर्ट्स ग्रुप और यूएई के फेडरल कस्टम्स अथॉरिटी सहित प्रमुख संस्थाओं के साथ बातचीत की।



## भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे ( IMEC );-

- यह एक प्रस्तावित पारगमन नेटवर्क है। इसका लक्ष्य एशिया, मध्य पूर्व और यूरोप को जोड़ना है।
- इसमे रेल-रोड, शिप-टू-रेल, सड़क परिवहन मार्ग और अन्य पारगमन नेटवर्क का निर्माण शामिल है।
- IMEC की स्थापना के लिए नई दिल्ली में आयोजित G20 शिखर सम्मेलन (2023) में भारत, यूरोपीय संघ, फ्रांस, जर्मनी, इटली, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे।

## महत्त्व:-

- यह पश्चिमी देशों के बाहर नई शक्तियों के उभरने को संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ की स्वीकृति है।
- यह विश्व के देशों के बीच ऊर्जा और डिजिटल संचार को बढ़ावा देगा।
- यह भारत और यूरोप के बीच व्यापार को बढ़ावा देगा। साथ ही, इससे भारत को अरब देशों के साथ रणनीतिक संबंध मजबूत बनाने में मदद मिलेगी।
- यह वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को और मजबूत बनाएगा।
- यह चीन की ''बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव'' (BRI) का एक विकल्प उपलब्ध कराता है।



# पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र

- हाल ही में दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील की प्राचीन चट्टानों पर किए गए शोध से पता चलता है कि एडियाकरन कल्प (Period) के दौरान पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र (Earth*s Magnetic Field) कमजोर हो गया था।
- यह कल्प लगभग 635 मिलियन से 541 मिलियन वर्ष पूर्व तक विद्यमान था।
- चुंबकीय क्षेत्र के कमजोर पड़ने की यह परिघटना एडियाकरन ऑक्सीजनेशन (ऑक्सीजन के स्तर में वृद्धि) के साथ- साथ घटित हुई मानी जाती है। इसे शुरुआती जानवरों के उद्भव के लिए जिम्मेदार माना जाता है।
- कमजोर चुंबकीय क्षेल के कारण हाइड्रोजन अंतरिक्ष में विमुक्त हो गई। इससे ऑक्सीजन के साथ आबद्ध होने के लिए हाइड्रोजन के कम अणु शेष बचे। इस कारण वायुमंडल और महासागरों में अधिक मुक्त ऑक्सीजन उपलब्ध हो गए।

## चुंबकीय क्षेत्र;-

- पृथ्वी एक विशाल चुंबकीय क्षेत्र से घिरी हुई है, जो चुंबकमंडल (मैग्नेटोस्फीयर) नामक क्षेत्ल का निर्माण करता है।
- पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र पृथ्वी के बाहरी कोर में जियोडायनेमो प्रक्रिया द्वारा उत्पन्न हुआ है।
- यहां, पृथ्वी के बाह्य कोर परत में धीमी गति से गतिमान पिघले लोहे से विमुक्त संवहनीय ऊर्जा विद्युत और चुंबकीय ऊर्जा में परिवर्तित हो जाती है। संवहनीय ऊर्जा ऊष्मा को स्थानांतरित करती है।
- चुंबकीय क्षेत्र दो ध्रुव (द्विध्रुव) बनाता है- उत्तरी चुंबकीय ध्रुव और दक्षिणी चुंबकीय ध्रुव। इस चुंबकीय क्षेत्र में भी एक सामान्य चुंबक (आमतौर पर छड़ चुंबक) की तरह विपरीत ध्रुव होते हैं।
- पृथ्वी के चुंबकमंडल को प्रभावित करने वाले सबसे नाटकीय परिवर्तन ध्रुव व्युत्क्रमण (pole reversals) हैं।

## चुंबकीय क्षेत्र का महत्त्व;-

- यह हानिकारक सौर पवनों द्वारा पृथ्वी के वायुमंडल के क्षरण को रोकता है।
- यह पृथ्वी को कोरोनल मास इजेक्शन (CME) परिघटना के दौरान उत्सर्जित कण विकिरण और कॉस्मिक किरणों से बचाता है।
- CME वास्तव में सूर्य के कोरोना से प्लाज्मा और चुंबकीय क्षेत्र का व्यापक स्तर पर उत्सर्जन है। कोरोना, सूर्य के वायुमंडल का सबसे बाहरी भाग है।
- यह सूर्य से आने वाले कणों को ध्रुवों की ओर निर्देशित करता है, जहां वे ऑरोरा (ध्रुवीय ज्योति) परिघटना में योगदान करते हैं।

# डेली करंट अफेयर्स प्रश्नोत्तरी

1. हाल ही में दीप्ति जीवनजी ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चौम्पियनशिप में कौनसा पदक जीता है ?

( अ ) स्वर्ण ( ब ) रजत
( स ) कांस्य ( द ) कोई नहीं

उत्तर-स्वर्ण

2. हाल ही में किस देश से भारतीय सेना को 27000 AK-203 असॉल्ट राइफल्स प्राप्त हुयीं हैं ?

( अ ) अमेरिका ( ब ) रूस
( स ) फ्रांस ( द ) जापान

उत्तर-रूस

3. हाल ही में ''टो लैम'' को किस देश का राष्ट्रपति नामित किया गया है ?

( अ ) ताइवान ( ब ) वियतनाम
( स ) कंबोडिया ( द ) मलेशिया

उत्तर-वियतनाम

4. हाल ही में किसने 2024 इटालियन ओपन खिताब जीता है ?

( अ ) लेक्जेंडर ज्वेरेव ( ब ) इगा स्विएटेक
( स ) उपर्युक्त दोनों ( द ) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-उपर्युक्त दोनों

5. संयुक्त राष्ट्र ने भारत के 2024 के विकास अनुमान को संशोधित करके कितना कर दिया है?

( अ ) 6.0% ( ब ) 6.9%
( स ) 7.9% ( द ) 8.9%

उत्तर-6.9%

6. इंग्लिश प्रीमियर लीग (EPL) 2024 का खिताब किसने जीता है ?

( अ ) मैनचेस्टर सिटी ( ब ) न्यूकैसल यूनाइटेड
( स ) टॉटनहैम हॉटस्पर ( द ) चेल्सी

उत्तर-मैनचेस्टर सिटी

7. माउंट एवरेस्ट पर पहुंचने वाली भारत की सबसे उम्रदराज महिला कौन बनी है?

( अ ) ज्योति रात्रे ( ब ) संतोष यादव
( स ) प्रेमलता अग्रवाल ( द ) बछेंद्री पाल

उत्तर-ज्योति रात्रे

8. सात्विक-चिराग की जोड़ी ने हाल ही में बैडमिंटन का कौन सा ओपन जीता है ?

( अ ) थॉमस कप ( ब ) मलेशिया ओपन
( स ) थाईलैंड ओपन ( द ) सोफिया कप

उत्तर-थाईलैंड ओपन

9. स्पेस में जाने वाले दुनिया के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति कौन बने हैं?

( अ ) जेफ बेजोस ( ब ) सिल्वेन चिरोन
( स ) गोपीचंद थोताकुरा ( द ) एड ड्वाइट

उत्तर-एड ड्वाइट

10. हाल ही में समुद्री साझेदारी अभ्यास के लिए भारतीय नौसेना जहाज कहाँ पहुंचे हैं ?

( अ ) फिलीपींस ( ब ) जापान
( स ) सोमालिया ( द ) थाईलैंड

उत्तर-फिलीपींस